लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 75

07 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्टार्ट-अप कंपनियां

75. श्री अनिल फिरोजिया:

श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हमारे देश के कपड़ा क्षेत्र को वैश्विक बाजार में लोकप्रिय बनाने के लिए भारतीय परिधानों और भारतीय कारीगरों को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा रहा है; और

(ख) तकनीकी परिधानों जैसे विशिष्ठ क्षेत्र में स्टार्ट-अप कंपनियों और युवा वैज्ञानिकों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): वैश्विक बाजार में वस्त्र क्षेत्र के भारतीय अपैरल और भारतीय कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए सरकार उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र क्षेत्र मिशन, एकीकृत वस्त्र पार्क योजना, समर्थ-वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना, सिल्क समग्र 2.0, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, व्यापक हस्तशिल्प कलस्टर विकास योजना, एकीकृत ऊन विकास योजना आदि जैसी विभिन्न योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही हैं।

(ख): तकनीकी अपैरल सहित तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान और विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 1,480 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय से राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन कार्यान्वित किया जा रहा है।

*****